जब मनवा तेरा घबराए | By Kumar Narendra & Sanjay Pareek |

जब मनवा तेरा घबराए
कोई रास्ता समझ न आए
जपो रे ॐ नमः शिवाय
जपो रे ॐ नमः शिवाय

तेरे आगे अंधेरा छाए
कोई रास्ता समझ न आए
जपो रे ॐ नमः शिवाय
जपो रे ॐ नमः शिवाय

जीवन तूफानी है, नैया पुरानी है
नाव भंवर में है, समझे न प्राणी है
जब नाव भंवर फँस जाए
कोई रास्ता समझ न आए
जपो रे ॐ नमः शिवाय
जपो रे ॐ नमः शिवाय

जब मनवा तेरा घबराए
कोई रास्ता समझ न आए
जपो रे ॐ नमः शिवाय
जपो रे ॐ नमः शिवाय

शिव सत्य सुंदर है, भक्ति का मंदिर है
भक्ति और भाव का गहरा समुंदर है
जब मन शिव में रम जाए
और शिव का दर्शन चाहे

जब मनवा तेरा घबराए
कोई रास्ता समझ न आए
जपो रे ॐ नमः शिवाय
जपो रे ॐ नमः शिवाय

द्वेषों को त्यागो, सत्य से न भागो
अहं और माया की नींद से जागो
जब मन तेरा शुद्ध हो जाए
तब ही शिव भक्ति को पाए
जपो रे ॐ नमः शिवाय
जपो रे ॐ नमः शिवाय

जब मनवा तेरा घबराए
कोई रास्ता समझ न आए
जपो रे ॐ नमः शिवाय
जपो रे ॐ नमः शिवाय

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%ac-%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a4%b5%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%98%e0%a4%ac%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%8f-by-kumar-narendra-sanjay-pareek/